# BABA PSYCHQ

(A Unit of Kamal Lok Kalyan Samiti)

17 Aug 2023

Follow us on



**B.N. Dubey**
Director

# DAILY CURRENT AFFAIRS

## GK BOOSTER

SSC | BANK | RAILWAY | AIRFORCE

NAVY | NDA | पुलिस | Other Competitive Exam

Save this Number
9431436233
For Daily Current Affairs /PDF Notes/Job Notifications

Address : Dalluchak, Near Dr. Keshav Babu's Clinic, Khagaul, Patna

Contact : 9431436233, 9304291333

# BABA PSYCHO

## 17 अगस्त का इतिहास

- **1787 :** यहूदियों को हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट में समूह बनाकर प्रार्थना करने की इजाजत मिली।
- **1869 :** पहली अंतर्राष्ट्रीय नौकायन प्रतियोगिता लंदन की टेम्स नदी पर आयोजित हुई।
- **1947 :** भारत की आजादी के बाद पहली ब्रिटिश सैन्य टुकड़ी स्वदेश रवाना हुई।
- **1959 :** सोवियत संघ और इराक ने इराक में परमाणु संयंत्र के निर्माण के लिये संधि पर हस्ताक्षर किए।

## 17 अगस्त से संबंधित करेंट अफेयर्स

- भारतीय नेविगेशन उपग्रह प्रणाली को आधार नामांकन उपकरणों के साथ एकीकृत किया जाएगा। अंतरिक्ष विभाग ने सफलतापूर्वक क्षेत्रीय परीक्षण किए हैं और उपकरण की खरीद विशिष्टताओं को अंतिम रूप देने में तकनीकी विशेषज्ञता प्रदान करेगा। वर्तमान में व्यक्तिगत विवरण एकत्र करने और सत्यापित करने के लिए उपयोग की जाने वाली आधार नामांकन किट जीपीएस से जुड़ी हुई हैं। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन एजेंसी पहले से ही प्रमुख प्राकृतिक आपदाओं के लिए चेतावनी प्रसार प्रणाली के रूप में नाविक का उपयोग कर रही है।
- नवीकरणीय ऊर्जा का दोहन करने और बिजली की कमी को कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम में मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड के संगमा ने मुख्यमंत्री सौर मिशन शुरू किया, जो पूर्वोत्तर पहाड़ी राज्य के लिए हरित प्रगति के एक नए युग में प्रवेश करने के उद्देश्य से एक अग्रणी पहल हैं। अगले पांच वर्षो में सरकार से 500 करोड़ रूपये के निवेश द्वारा समर्थित मिशन, राज्य के ऊर्जा परिदृश्य को बदलने और इसके सतत विकास में योगदान देने के लिए तैयार है।
- नागालैंड की पहली नागा परंपरागत भोजन प्रयोगशाला कोहिमा जिले के जपफू क्रिश्चियन कॉलेज में शुरू हुई। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत जपफू क्रिश्चियन कॉलेज नागालैंड विश्वविद्यालय के तहत नागा पंरपरागत भोजन प्रयोगशला कौशल को एक संवर्द्धन पाठ्यक्रम के रूप में शुरू कर रहा हैं। इसमें नागालैंड की 15 मूल जनजातियों के मुख्य व्यंजनों का अध्ययन, पकाना और नागा खाद्य सांस्कृतिक पहचान को बनाए रखने और प्रसारित करने के लिए विश्वलेषण किया जाएगा।
- भारतीय कवि राजदूत अभय कुमार भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद के उपमहानिदेशक ने पुरानी दिल्ली, दिल्ली में काथिका संस्कृति केंद्र में 150 चार पंक्तियों में चलने वाली एक पुस्तक मानसूनः ए पोयम ऑफ लव एंड लॉगिंग नामक अपनी पुस्तक का विमोचन किया।
- दिल्ली में केंद्रीय मंत्रियों और सांसदों की हर घर तिरंगा बाइक रैली को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने हरी झंडी दिखाई।
- गृह मंत्री अमित शाह ने विधेयक पेश किये। उन्होंने कहा कि भारतीय न्याय संहिता 2023 भारतीय दंड संहिता 1860 का स्थान लेगी। भारतीय नागरिक सुरक्षा 2023 आपराधिक प्रक्रिया अधिनियम 1898 का स्थान लेगा। भारतीय साक्ष्य विधेयक 2023 भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 का स्थान लेगा। गृह मंत्री ने कहा राजद्रोह से जुड़े प्रावधानों को पूरी तरह खत्म किया जाएगा। भारतीय न्याय संहिता विधेयक 2023 के अनुसार मॉब लिंचिंग के लिए मृत्युदंड अधिकतम सजा होगी।
- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विभिन्न योजनाओं के लिए वितीय सहायता बढ़ाने का मंजूरी दी। पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के लिए सहायता प्रणाली को मजबूत करने के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विभिन्न योजनाओं के लिए वितीय सहायता में वृद्धि को मंजूरी दी। पूर्व सैनिकों की विधवाओं के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण अनुदान योजना के तहत वितीय सहायता 20 हजार से बढ़ाकर 50 हजार रूपये कर दी गई है। गैर-पेंशनभागी पूर्व सैनिकों या उनकी विधवाओं के लिए चिकित्सा अनुदान 30 हजार से बढ़ाकर 50 हजार रूपये कर दिया गया है।
- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के नेशनल ऑटोमेटेड फिंगरप्रिंट आइडेंफिकेशन सिस्टम की टीम को डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन श्रेणी-1 के लिए सरकारी प्रक्रिया री-इंजीनियरिंग में उत्कृष्टता में गोल्ड अवार्ड हासिल करने के लिए बधाई दी।
- केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर विधेयक 2023 में केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम 2017 में संशोधन का प्रस्ताव हैं। यह ऑनलाइनद गेमिंग, ऑनलाइन मनी गेमिंग और वर्चुअल डिजिटल संपत्तियों की अभिव्यक्तियों को परिभाषित करता हैं। बिल के अनुसार ऑनलाइन गेमिंग का मतलब इंटरनेट या इलेक्ट्रॉनिक नेटवर्क पर गेम की पेशकश करना है और इसमें मनी गेमिंग भी शामिल है।
- औषधिक इलेक्ट्रॉनिक संसाधन संघ के चौथे राष्ट्रीय का उद्घघाटन नई दिल्ली में किया गया। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री डॉ भारती पवार ने इसका उद्घघाटन किया। उन्होंने राष्ट्रीय औषधि पुस्तकालय के ईआरएमईडी एक्सेस बुकलेट और न्यूजलेटर भी लॉन्च किया ।

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. हाल ही में किस राज्य ने 1 नवंबर से खेल महारण आयोजित करने की घोषणा की है ?**

(A) बिहार (B) मध्यप्रदेश
(C) तमिलनाडु (D) असम

**(D)** असम सरकार ने हाल ही में 1 नवंबर से खेल महारण आयोजित करने की घोषणा की हैं। असम सरकार द्वारा जमीनी स्तर पर खेल प्रतिभाओं की पहचान करने और उन्हें निखारने के लिए 1 नवंबर से 10 जनवरी तक खेल महारण का आयोजन किया जाएगा। 50 लाख से अधिक खिलाड़ी पांच खेल विधाओं एथलेटिक्स, फुटबॉल, कबड्डी, वॉलीबॉल और खो-खो में भाग लेंगे और प्रतिस्पर्धा करेंगे।



**2. हाल ही में किस राज्य का न्यू अमरावती रेलवे स्टेशन भुसावल डिजीवन का पहला पिंक स्टेशन बना ?**

(A) उत्तर प्रदेश (B) मध्यप्रदेश
(C) दिल्ली (D) गुजरात

**(B)** मध्यप्रदेश रेलवे के न्यू अमरावती स्टेशन ने इतिहास में भुसावल डिवीजन के पहले स्टेशन और मध्य रेलवे के तीसरे स्टेशन के रूप में अपनी जगह बनाई है, जिसे पिंक स्टेशन नामित किया गया है। यह स्टेशन महिला कर्मचारियों द्वारा संचालित हैं। मतलब कि यहां केवल महिला कर्मचारी ही कार्यरत हैं।




**3. भारत का पहला कृषि डेटा एक्सचेंज और कृषि डेटा प्रबंधन फ्रेमवर्क किस राज्य द्वारा हैदराबाद में लॉन्च किया गया है ?**

(A) तमिलनाडु (B) झारखंड
(C) आंध्रप्रदेश (D) तेलंगाना

**(D)** तेलंगाना के आईटी और उद्योग मंत्री के तारक रामाराव ने भारत का पहला एडेक्स और एडीएमएफ लॉन्च किया हैं। एडेक्स को कृषि क्षेत्र के लिए एक डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना के रूप में विकसित किया गया हैं। यह राज्य सरकार विश्व आर्थिक मंच और भारतीय विज्ञान संस्थान के बीच एक सहयोग है।




**4. हाल ही में प्लक ने निवेशक, ब्रांड एंबेसडर के रूप में किसके साथ साझेदारी की है?**

(A) करीना कपूर (B) आलिया भट्ट
(C) अनुष्का शर्मा (D) कृति सेनन

**(A)** बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर खान ने ताजे फल और सब्जियों के कारोबार से जुड़ी प्लक की निवेशक और ब्रांड एंबेसरड के रूप में साइन किया है। कंपनी के पास 15 से अधिक श्रेणियों में 400 उत्पादों की एक श्रृंखला है, जिसमें आवश्यक, विदेशी, हाइड्रोपोनिक्स और कट और मिक्स शामिल हैं। इस रेंज में प्रमाणित खाद्य-तकनीकी सुविधाओं के भीतर तैयार किए गए अभिनव डू-इट योरसेल्फ भोजन किट शामिल हैं।




**5. हाल ही में इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च कैंसर रजिस्ट्री के आंकड़ों के अनुसार किस राज्य में कैंसर के सबसे अधिक मामले पाए गए है ?**

(A) मध्यप्रदेश (B) राजस्थान
(C) उत्तर प्रदेश (D) तेलंगाना

**(C)** इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च कैंसर रजिस्ट्री के आंकड़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश ने भारत में कैंसर के सबसे अधिक मामलों की गिनती दर्ज की। वर्ष 2022 के दौरान राज्य ने आश्चर्यजनक रूप से 210,000 नए मामलों का दस्तावेजीकरण किया, जो 2020 में दर्ज 201,000 मामलों से महत्वपूर्ण वृद्धि को दर्शाता है।



# BABA PSYCHO

**6. हाल ही में किस राज्य सरकार ने कक्षाओं में मोबाइल फोन के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाया है ?**

(A) ओडिशा (B) तेलंगाना
(C) दिल्ली (D) गोवा

**(C)** दिल्ली सरकार के शिक्षा निदेशालय ने स्कूलों में मोबाइल फोन के यूज पर बैन लगा दिया हैं। शिक्षा निदेशालय की तरफ से इस आशय की एडवाइजरी जारी की गई है। शिक्षा निदेशालय ने क्लासेज, लाइब्रेरीज, खेल के मैदानों और स्कूल कैंपस में शिक्षकों और छात्रों दोनों के लिए मोबाइल फोन के यूज पर प्रतिबंध लगा दिया है।



**7. हाल ही में चर्चित 3D ऑर्गेनाइड्स शब्द किससे संबंधित है ?**

(A) मानव अंग के सदृश कृत्रिम कोशिकीय संरचना
(B) पृथ्वी के इतिहास में आदिम एककोशिकीय जीव
(C) मनुष्यों के लिए छोटे यांत्रिक अंग
(D) 3D प्रिंटिंग के माध्यम से तैयार किए गए कृत्रिम उपकरण

**(A)** हाल ही में भारत सरकार ने नई औषधि और नैदानिक परीक्षण नियम, 2023 में संशोधन पेश किया हैं। इस संशोधन का उद्देश्य नई दवाओं के परीक्षण के लिए गैर-पशु तकनीकों को नियोजित करके अनुसंधान में पशु उपयोग को प्रतिस्थापित करना हैं। इसके तहत नई दवाओं की सुरक्षा और प्रभावकारिता का परीक्षण करने के लिए गैर-पशु और मानव प्रासंगिक तरीकों को अपनाया जाएगा।



**8. निधि कार्यक्रम किस मंत्रालय की एक पहल है ?**

(A) श्रम एवं रोजगार मंत्रालय
(B) कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय
(C) विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय
(D) युवा मामले एवं खेल मंत्रालय

**(C)** हाल ही में केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री ने निधि कार्यक्रम के माध्यम से भारत के नवाचार परिदृश्य में उपलब्धि पर प्रकाश डाला। निधि का पूरा नाम नेशनल एनिशिएटिव फॉर डेवलपिंग एंड हार्नेसिंग इनोवेशन हैं। यह स्टार्टअप्स के लिए 5 साल की अवधि में इनक्यूबेटरों और स्टार्टअप्स की संख्या को दोगुना करने की एक एंड टू एंड योजना है।




**9. निम्नलिखित में से किसकी स्थापना का उल्लेख भारतीय संविधान में नही है ?**

(A) राज्य मानवाधिकार आयोग (B) राज्य लोक सेवा आयोग
(C) राज्य चुनाव आयोग (D) राज्य वित आयोग

**(A)** हाल ही में केरल में विपक्ष के नेता ने सेवानिवृत मुख्य न्यायाधीश एस. मणिकुमार को राज्य मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त करने के सरकार के फैसले से असहमति जताई है। यह 1993 के मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम के तहत बनाई गई एक वैधानिक संस्था है।

**10. हाल ही में तमिलनाडु के कीलाडी में पाया गया क्रिस्टल क्वार्ट्ज क्या है ?**

(A) जेवर (B) सिक्का
(C) वजन इकाई (D) मुहर

**(C)** हाल ही में कीलाडी में खुदाई के 9वें चरण में क्रिस्टल क्वार्ट्ज से बनी एक वजन इकाई मिली। यह क्रिस्टल क्वार्ट्ज 175 सेमी की गहराई पर पाया गया। इसका व्यास 2 सेमी, ऊंचाई 1.5 सेमी और वजन 8 ग्राम हैं। यह पुरावशेष टेराकोटा, लोहे की कील, काले ओर लाल बर्तनों के साथ पाए गए है।



Contact : 9431436233, 9304291333